बरेली, गुरुवार
13 सितंबर 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 20

दैनिक जागरण

Page No : 04 Right Middle

एसआरएमएस में निश्शुल्क तकनीकी प्रशिक्षण पूरा

बरेली : श्रीराममूर्ति स्मारक ट्रस्ट में सामुदायिक सेवायोजना के दसवें बैच को निश्शुल्क तकनीकी प्रशिक्षण के प्रमाण पत्रों का वितरण हुआ। ट्रस्ट प्रशासक इं. सुभाष मेहरा, डीन एकेडमिक्स डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने बताया कि एसआरएमएस कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी में हर साल निम्न आय के लोगों को रोजगार के लिए एक साल का निश्शुल्क कोर्स दिया जाता है। यह कोर्स इलेक्ट्रिक मेंटीनेंस, मशीन एवं फिटिंग शॉप, कंप्यूटर, एक्स-रे, नर्सिंग सहायक, ईसीजी, आइसीयू, ब्लड कलेक्शन आदि का होता है। दसवें बैच में सफल हुए 42 अभ्यर्थियों को प्रमाण-पत्र दिये गए। वहीं ग्यारहवां बैच 16 सितंबर से शुरू होगा। जासं